संपादन उपसमिति

श्री कृष्णदेवप्रसाद गौड़—संयोजक

श्री डा वासुदेवशरण अग्रवाल

श्री डा जगन्नाथप्रसाद शर्मा

श्री डा राय गोविंदचंद्र

~ श्री पं शिवप्रसाद मिश्र

~ श्री डा भोलाशंकर व्यास

~ श्री देवकीनंदन केडिया

~ श्री पं विद्याभूषण मिश्र—संयो

~ श्री प इंद्रचंद्र नारंग

श्री डा भगीरथ मिश्र

~ श्री पं कमलापति त्रिपाठी

~ श्री पं सुधाकर पांडेय

श्री डा त्रिभुवनसिंह

संवत् २ २१ वि से

~ संवत् १८ से २ २ वि तक

संवत् २ १८ से अब तक

आमुख

काशी नागरीप्रचारिणी सभा की स्थापना १८९३ ई० में हुई थी। इस समय तक हिंदी में न तो कोई अच्छा कोश था न व्याकरण उचित रीति से संपादित प्राचीन ग्रंथ भी अलभ्य थे और फलतः साहित्य के उच्चस्तरीय पठन पाठन की कोई व्यवस्था भी नहीं थी। अपनी स्थापना के समय ही सभा की दृष्टि इन त्रुटियों की ओर गई और उनकी पूर्ति करने का निश्चय उसने किया। ऐसा ही एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य था हिंदी के उन प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों की ढूँढ खोज और उद्धार करना जो भिन्न भिन्न गाँवों और नगरों में बस्तों में बँधे पड़े कीड़े मकोड़ों का भोज्य बनते जा रहे थे। ऐसी कितनी सामग्री नष्ट होकर सदा के लिये लुप्त हो चुकी इसका कोई लेखा जोखा भी आज उपलब्ध नहीं है। ऐसी जो कुछ भी सामग्री शेष रह गई हो उसका पता लगाने और उसकी सूचना जिज्ञासुओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज का कार्य इस सभा ने सन् १९   में आरंभ किया था और तब से लेकर अब तक अनवरत रूप से वह यह कार्य करती आ रही है।

इसी खोज का परिणाम है कि अनेक अज्ञात लेखकों का और ज्ञात लेखकों के अनेक अज्ञात ग्रंथों का परिचय हिंदी जगत् को मिला और आरंभ से लेकर अब तक प्रवहमान साहित्यधारा के विस्तार और गहराई का स्वरूप स्थिर किया जा सका। सभा की यह खोज ही हिंदी भाषा और साहित्य का इतिहास प्रस्तुत करनेवाले विद्वानों के लिये मूलाधार रही है। हिंदी के प्राचीन साहित्य का अध्ययन अनुशीलन करनेवाले विद्वानों के लिये तो खोज के ये विवरण पग पग पर अनिवार्यतः आवश्यक हो जाते हैं।

सन् १९   से लेकर अब तक की खोज की रिपोर्टों के रूप में लगभग दस सहस्र पृष्ठों की सामग्री प्रस्तुत हो चुकी है। संदर्भ के रूप में इस प्रभूत राशि का उपयोग करना स्वभावतः अत्यंत श्रमसाध्य और असुविधाजनक है। अतः सन् १९२१ में सभा ने १९११ तक की प्रकाशित खोज रिपोर्टों का एक संक्षिप्त विवरण प्रकाशित करके अध्येताओं का कार्य सरल कर दिया था। तब से लेकर अब तक यह कार्य बहुत आगे बढ़ चुका। अतएव १९   से १९५५ ई० तक हुई खोज की रिपोर्टों का यह संक्षिप्त विवरण पुनः अध्येताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। हमें विश्वास है, प्राचीन साहित्य का अध्ययन अनुशीलन करनेवाले साहित्यरसिकों के लिये यह विवरण यथावत् उपयोगी सिद्ध होगा।

कार्तिक पूर्णिमा
सं २ २१ वि

कमलापति त्रिपाठी
सभापति
नागरीप्रचारिणी सभा
काशी

प्रकाशकीय

नागरीप्रचारिणी सभा ने अपनी स्थापना के साथ ही न केवल हिंदी साहित्य एवं देवनागरी लिपि के प्रचार प्रसार के लिये उद्योग आरंभ किया, अपितु ऐसे गुरु गंभीर आयोजन भी आरंभ किए जिनके कारण हिंदी साहित्य का केवल अभ्युदय एवं विकास मात्र ही नहीं हुआ, प्रत्युत उसके विकास की नई दृढ़ वैज्ञानिक भित्ति निर्मित हुई, जिसके बल पर हिंदी का साहित्य दिनोत्तर समृद्ध होता चला जा रहा है। परंपरा से प्राप्त हिंदी साहित्य की अतुल संपदा देश की अराजक अनिश्चित राजनीतिक स्थिति के कारण या तो नष्ट भ्रष्ट हो चुकी थी, अथवा वेठना में पड़ी पड़ी एकांत धरती में गड़े धन की भाँति निरर्थक कालोन्मुख हो रही थी। अंग्रेजी राज्य की पूर्ण स्थापना के उपरांत सन् १८६८ ई० से संस्कृत के ग्रंथों की खोज का कार्य बंगाल, बंबई एवं मदरास के प्रेसीडेंसी शासनों ने आरंभ किया। इस संदर्भ में बंगाल एशियाटिक सोसाइटी की तत्कालीन सेवाएँ अभिनंदनीय हैं।

संस्कृत की पुस्तकों की खोज तो आरंभ हुई पर हिंदी की पुस्तकों की खोज की ओर किसी ने भी, सभा की स्थापना के पूर्व तक, ध्यान नहीं दिया। अपनी स्थापना के साल भर बाद ही, सन् १८९४ ई० में, हिंदी पुस्तकों की खोज की दिशा में सभा ने सक्रिय चरण उठाए। संयुक्त प्रांत की सरकार से उसने जहाँ एक ओर इस कार्य के लिये आर्थिक सहायता की याचना की, वहीं दूसरी ओर संस्कृत पुस्तकों की खोज में मिली हिंदी पुस्तकों की सूची के प्रकाशन का आग्रह भी बंगाल एशियाटिक सोसायटी से किया। सन् १८९५ में एक वर्ष में प्राप्त ६०० हिंदी ग्रंथों की सूची प्रकाशित कर सोसायटी ने इस कार्य की इतिश्री कर दी। किंतु सभा अपने प्रयत्न में निष्ठापूर्वक लगी रही और अंततोगत्वा सन् १८९९ ई० में संयुक्त प्रांत से प्राप्त ४०० रु० वार्षिक अनुदान से यह महत्वपूर्ण कार्य आरंभ किया। आधुनिक हिंदी के निर्माता डा० श्यामसुंदरदास के संयोजकत्व में सन् १९०० से अलग विभाग की स्थापना कर सभा ने खोज कार्य को व्यवस्थित किया। तब से निरंतर यह कार्य सभा निष्ठापूर्वक करती चली आ रही है।

तत्कालीन प्रशासकीय स्थिति के कारण सन् १९२५ तक ये खोज रिपोर्टें अंग्रेजी में सरकार द्वारा प्रकाशित होती रहीं। किंतु इसके पश्चात् सभा ने खोज विवरणों का प्रकाशन स्वयं हिंदी में आरंभ किया और सन् १९४३ तक के खोज विवरण अब तक

प्रकाशित हो चुके हैं। इन खोज विवरणों के प्रकाशन का व्यय बराबर उत्तर प्रदेश शासन देता रहा है। सन् ४१ के बाद के खोज विवरण भी संपादित हो चुके हैं और उत्तर प्रदेश सरकार से इनके लिए अनुदान की याचना भी की जा चुकी है। आशा है उत्तर प्रदेश सरकार इस उपयोगी कार्य के प्रति पूर्ववत् अनुदान देकर हिंदी-हित-चिंतन में योग देगी।

विस्तृत खोज विवरणों के प्रकाशन के साथ ही साथ सभा इनके संक्षिप्त विवरण भी प्रकाशित करती रही है। प्रारंभिक ११ वर्षों का संक्षिप्त विवरण डा० श्यामसुंदरदास जी के संपादन में प्रकाशित हुआ था। उसके बाद सभा ने ४४ वर्षों का खोज विवरण प्रकाशित करने का आयोजन किया था जिसका कुछ अंश छप भी चुका था। किंतु इस कार्य में यथासामर्थ्य व्यय करने के बाद भी सभा इसे पूर्णता मूर्त रूप न दे सकी। अंततोगत्वा केंद्रीय सरकार के १) के अनुदान से ५५ वर्षों का यह संक्षिप्त खोज विवरण प्रकाशित किया जा रहा है। यदि केंद्रीय सरकार की यह समयोचित सहायता न मिली होती तो कभी यह कार्य कथमपि पूरा न होता। सरकार ने केवल सहायता ही नहीं दी अमूल्य हितकारी सुझाव भी प्रस्तुत किए एवं शासन के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बराबर सहयोग भी दिया विशेषकर भूतपूर्व शिक्षामंत्री श्री डा० कालूलाल जी श्रीमाली वर्तमान उपशिक्षामंत्री माननीय श्री भक्तदर्शन जी एवं संयुक्त सचिव श्री रमाप्रसन्न जी नायक और उपसचिव श्री प्रेमनाथ जी धीर ने। सभा उनके प्रति कृतज्ञ है।

इन ५५ वर्षों में सभा ने खोज संबंधी कार्यों में लगभग [illegible] लाख १८ हजार रुपए व्यय कर ६५६ ग्रंथकारों एवं १५८८२ ग्रंथों के विवरण एकत्र किए। ये ग्रंथ १ वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान शताब्दी तक के हैं। साहित्य एवं साहित्यशास्त्र की सभी विधाओं के अतिरिक्त संगीत नीति वैद्यक धनुर्विद्या आचार, ज्योतिष शालिहोत्र लेखाशास्त्र पाकशास्त्र पशुचिकित्सा कामशास्त्र भूगोल तंत्र मंत्र यंत्र रसायन शिकार वनस्पति रत्नपरीक्षा वास्तुविद्या आदि विषयों के भी महत्वपूर्ण प्राचीन ग्रंथों के विवरण इस खोज के परिणामस्वरूप उपलब्ध हो सके।

खोज के संबंध में सभा के कार्यकर्ता देश के विभिन्न अंचलों में नाना प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हुए गाँव गाँव और कस्बे कस्बे जा जाकर गत ५४ वर्षों से कार्य करते चले आ रहे हैं और हिंदी के गंभीर विद्वान् सभा के संपादक सहायकों के सहयोग से उन प्राप्त विवरणों का संशोधन संपादन करते रहे। इन कार्यकर्ताओं और विद्वानों के प्रति सभा कृतज्ञ है। उन विद्वानों तथा उन ग्रंथकारों के प्रति भी सभा कृतज्ञ है जिन्होंने खोज विवरणों में परिष्कार एवं सुधार के लिये समय समय पर सुझाव दिए। उन कृतिकारों के प्रति सभा हृदय से कृतज्ञ है जिनकी कृतियों से संशोधन संपादन के कार्य में योगदान मिला है।

यद्यपि हिंदी में खोज का यह कार्य जिस व्यापक पैमाने पर होना चाहिए, नहीं हुआ, तो भी सभा द्वारा किया गया इस क्षेत्र में यह प्रयास हिंदी 'अनुसंधान एवं अनुशीलन जगत् का मूलाधार रहा है। इन खोज विवरणों के आधार पर ही मिश्रबंधु विनोद' एवं आचार्य रामचंद्र शुक्ल का 'हिंदी साहित्य का इतिहास' जैसे प्रमाणिक और श्रेष्ठ ग्रंथ प्रस्तुत हो सके। १६ खंडों में प्रकाशित हो रहे 'हिंदी साहित्य के बृहत् इतिहास' के लेखन में भी इसका योगदान महत्वपूर्ण है। अनुशीलन के क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा शोध प्रबंध या गंभीर ग्रंथ हो जिसमें इसका उपयोग न हुआ हो।

आशा है, इस महत्वपूर्ण संदर्भग्रंथ के प्रकाशन से हिंदी अध्ययन एवं अनुशीलन जगत् का हित होगा।

कार्तिक पूर्णिमा
सं० २०२१ वि०,

सुधाकर पांडेय
प्रकाशन मंत्री,
नागरीप्रचारिणी सभा,
काशी।

संकेत सूची

अनु	अनुमान से
अप्र	अप्रकाशित (खो वि सन् १९४१ ४१ के अप्रकाशित विवरण पत्र)
उप	उपनाम
खो वि	खोज विवरण
गो	गोस्वामी
टि	टिप्पणी
ठा	ठाकुर
दि	दिल्ली खोज विवरण सन् १९११
पं	पंजाब खोज विवरण सन् १९२२–२४
परि	परिशिष्ट
प्रा	प्राप्तिस्थान
मा वि हिं	दी माडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर आफ हिंदुस्तान
मि वि	मिश्र बंधु विनोद
मु का सं	मुद्रण काल संवत्
र का सं	रचना काल संवत्
लि का सं	लिपि काल संवत्
वि	विवरण
सं	संवत्
सं का सं	संग्रह काल संवत्
सं वि	संक्षिप्त विवरण
स्व	स्वर्गीय
स्वा	स्वामी
ति	तिवारी
→	देखिए

००	सन् १६००	का वार्षिक खोज विवरण
०१	,, १६०१	,, ,, ,,
०२	,, १६०२	,, ,, ,,
०३	,, १६०३	,, ,, ,,
०४	,, १६०४	,, ,, ,,
०५	,, १६०५	,, ,, ,,
०६	,, १६०६-८	,, त्रैवार्षिक ,,
०६	,, १६०६-११	,, ,, ,,
१२	,, १६१२-१४	,, ,, ,,
१७	,, १६१७ १६	,, ,, ,,
२०	,, १६२०-२२	,, ,, ,,
२३	,, १६२३-२५	,, ,, ,,
२६	,, १६२६-२८	,, ,, ,,
२६	,, १६२६-३१	,, ,, ,,
३२	,, १६३२-३४	, ,, ,,
३५	,, १६३५-३७	,, ,, ,,
३८	,, १६३८-४०	,, ,, ,,
४१	,, १६४१-४३	,, ,, ,,
सं० ०१	संवत् २००१-२००३ (सन् १६४४-४६)	,,
सं० ०४	,, २००४-२००६ (,, १६४७-४६)	,,
सं० ०७	,, २००७-२००६ (,, १६५०-५२)	,,
सं० १०	, २०१०-२०१२ (,, १६५३-५५)	,,

[इस संक्षिप्त विवरण में खोज विवरणों के संकेतित सन् या संवत् के साथ आई दूसरी संख्या वह क्रमांक सूचित करती है जहाँ संबद्ध ग्रंथ या ग्रंथकार के विवरण खोज विवरण में दिए गए हैं। जैसे → १७-८६ का तात्पर्य यह है कि सन् १६१७-के खोज विवरण की ८६वीं क्रमसंख्या देखें।]

उपोद्घात

अंग्रेजी शासन में आधुनिक पद्धति पर प्राचीन ग्रंथों की खोज की ओर १९वीं शती से ही ध्यान दिया।

सन् १८६८ ई० में सरकार द्वारा संस्कृत के हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथों की देशव्यापी खोज प्रारंभ हुई। बंगाल एशियाटिक सोसाइटी तथा बंबई और मद्रास की सरकारें इस कार्य में अग्रसर थीं। अनेक शोधसंस्थाओं और विद्वानों द्वारा भी खोज में उपलब्ध ग्रंथों के संरक्षण तथा प्रकाशन की स्थायी व्यवस्था की गई थी। पर इन प्रयत्नों की सीमा संस्कृत तक ही रही। हिंदी के प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों की खोज की ओर किसी का ध्यान न था। हिंदी ग्रंथों की इस उपेक्षा की ओर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के अधिकारियों का ध्यान गया।

पर उस समय सभा की ऐसी आर्थिक स्थिति न थी कि वह इस काम को सुचारुरूप से संपन्न कर लेगी, क्योंकि इसके लिये पर्याप्त धन अपेक्षित था। फिर भी संस्कृत हस्तलिखित ग्रंथों की खोज के अनुकरण पर सभा कुछ प्रयत्न करती रही। १२ मई सन् १८९४ ई० को सभा ने संयुक्तप्रांत (अब उत्तरप्रदेश) शासन को इस कार्य में आर्थिक सहायता के लिये लिखा। साथ ही बंगाल एशियाटिक सोसाइटी से भी आग्रह निवेदन किया कि संस्कृत ग्रंथों की खोज में यदि हिंदी के ग्रंथ मिलें तो उनकी भी सूची प्रकाशित कर दी जाय। एशियाटिक सोसाइटी ने सानंद सहकार्य किया। फलतः १८९५ ई० में हिंदी की हस्तलिखित पुस्तकों की सूची प्रकाशित की गई। इससे सभा के खोजकार्य को आगे बढ़ाने में बड़ी सहायता मिली।

अपनी कठिनाइयों के कारण सोसाइटी ने अगले वर्ष से ही सूची का प्रकाशन बंद कर दिया। पर इस कार्य को अग्रसर करने के लिये सभा बराबर प्रयत्नशील रही। फलतः सन् १८९९ ई० में उस समय के संयुक्तप्रांत शासन से ४००) की वार्षिक अनुदान प्राप्त हुआ। इस अनुदान के साथ खोजसामग्री के प्रकाशन की व्यवस्था का आश्वासन भी सरकार से मिला। इस दिशा में अन्य प्रयत्न भी सफल हुए। देश के राजा महाराजा सेठ तथा हिंदी के अन्यान्य प्रेमी शुभचिंतकों ने भी खोजकार्य के लिये दान दिया।

इसी अल्प धन के सहारे सभा से (सन् १९०० ई०) विधिवत् खोजविभाग की स्थापना हुई। सर्वप्रथम डा० श्यामसुंदरदास इसके संयोजक एवं निरीक्षक चुने गए। प्रारंभिक खोजकार्य के दो वर्षों के खोजविवरण प्रकाशित हुए। इन खोजविवरणों

खो० वि० सि० खं० १–२ (११ –१४)

की देश विदेश में सराहना, प्रशंसा एवं प्रसिद्धि हुई। इस कार्य की गरिमा से प्रभावित होकर तत्कालीन शासन ने सन् १६०२ ई० में सभा को ५०० रु० का वार्षिक अनुदान दिया।

सभा ने समस्त हिंदी भाषी प्रदेशों में यथासंभव खोजकार्य कराने का बहुत पहले से ही निश्चय कर लिया था। उसकी इच्छा थी कि हस्तलिखित ग्रंथ एकत्र किए जायँ, उनकी सुरक्षा की व्यवस्था हो और सुविधानुसार उनका प्रकाशन हो। सरकारी अनुदान के बल पर खोजकार्य चलता रहा। प्रतिवर्ष खोज का वार्षिक संक्षिप्त विवरण तैयार होता था और प्रति तीसरे वर्ष विस्तार के साथ खोज का परिणाम सरकार को सूचित करना पड़ता था। उत्कृष्ट एवं नवोपलब्ध खोजसामग्री का ब्यौरा भी नागरीप्रचारिणी पत्रिका में प्रकाशित किया जाता था।

बाद में सरकारी सहायता बंद होने के कारण खोज का कार्य रुका रहा, यद्यपि सभा कुछ दिनों तक स्वयं अपने बल पर यह कार्य करती रही। सं०१६७०-७१ वि० में अर्थसंकट के कारण कई वर्षों तक के लिये खोजकार्य रुक गया।

खोजकार्य में सभा को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। धनाभाव तो था ही, खोज का कार्य करनेवाले प्रशिक्षित व्यक्ति भी नहीं मिलते थे। जिनके पास हस्तलिखित ग्रंथ थे, उनमें बहुत से ऐसे थे जो ग्रंथ देने की बात कौन कहे, दिखाते भी नहीं थे। खोज करनेवालों को बाहर रहने में भी कठिनाई होती थी। वेतन तो अल्प था ही।

इन कठिनाइयों का सामना करते हुए खोज का कार्य चलता रहा। सभा ने प्रत्येक प्राचीन हस्तलिखित पुस्तक को विवृत करके सभा में देने पर ।।) पारितोषिक देने की भी घोषणा की। इस योजना से कुछ लाभ अवश्य हुआ, किंतु उद्देश्य की पूर्ति में अधिक सहायक न होने के कारण यह योजना भी समाप्त हो गई। अंत में सभा ने अनुभव किया कि अपने अन्वेषकों द्वारा ही खोज का कार्य सुचारु रूप से चलाया जा सकता है।

अपने अपूर्ण साधनों से सभा कई वर्षों तक खोज का कार्य करती रही। हिंदी प्रांतों बिहार, राजपूताना, मध्यभारत, (मध्यप्रदेश), पंजाब तथा बृहद हिंदू रियासतों में एक साथ कार्य करने का विचार भी किया गया। अनेक कठिनाइयों के कारण यह योजना भी वास्तविक उद्देश्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध न हो सकी।

सन् १६१४ ई० के आसपास विषम आर्थिक परिस्थिति उत्पन्न हो गई। इससे बहुत दिनों तक खोजकार्य न हो सका। संयुक्त प्रांत शासन से आर्थिक सहायता के लिये बार बार लिखा पढ़ी की गई। संचित खोज सामग्री के बारे में भी सूचना भेजी गई। इसका प्रभाव सरकार के ऊपर पड़ा। कार्य की गुरुता तथा परिणाम के महत्व की ओर सरकार का ध्यान गया। और सन् १६१६ ई० में १००० रु० का अनुदान दिया। अगले वर्षों में सभा जैसे जैसे अपने कार्य में सफल होती गई वैसे वैसे अनुदान भी उत्तरोत्तर बढ़ता गया। ५ वर्षों में सभा द्वारा बहुत प्रभाव-

स्थायी ढंग से खोजकार्य किया गया। इससे सरकार अत्यधिक प्रभावित हुई। फलतः सन् १९२१ ई० में २ ... रु० का वार्षिक अनुदान मिलने लगा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से सरकारी अनुदान में आशातीत सफलता मिली। पहले विदेशी शासन के अनुदान से खोजविवरण अंग्रेजी में प्रकाशित होते थे। स्वदेशी शासन के अनुदान तथा प्रोत्साहन से खोजविवरण हिंदी में प्रकाशित किए जाने लगे। अब सभा स्वयं ही खोज विवरणों को हिंदी में प्रकाशित कर रही है। अंग्रेजी में अनूदित खोज विवरणों के हिंदी रूपांतर प्रकाशित किए गए। १९२९ ई० से आगे के सभी खोजविवरण हिंदी में प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब शासन से खोजकार्य के लिये अनुदान मिलता है। खोजविवरणों के प्रकाशनार्थ भी अतिरिक्त अनुदान मिलता है। सं० २०१२ वि० से उत्तरप्रदेश शासन द्वारा सभा को ५ ... रु० का वार्षिक एवं स्थायी अनुदान मिल रहा है।

खोजकार्य में भी अब कठिनाइयाँ कम हो गई हैं। विदेशी शासनकाल में ही तथा के २५ वर्षों में खोजविवरण प्रकाशित हुए थे। उस समय के सरकारी प्रबंध में सरकारी प्रेस में बहुत दिनों तक विवरण पड़े रहते थे और प्रकाशन विलंब से होता था।

प्रारंभिक खोज के समय विवरण लेने का कोई नियमानुसार ढंग न था। कोई कार्यक्षेत्र भी निश्चित नहीं था। संपूर्ण हिंदी प्रांतों में जहाँ जिस शासन के द्वारा प्राचीन सामग्री मिल जाती थी उसे सहर्ष स्वीकार करके संचित कर लिया जाता था। व्यक्तिगत, सार्वजनिक संग्रह राजपुस्तकालयों तथा बड़े बड़े नगरों और उपनगरों के पुस्तकालयों तक ही खोजकार्य के क्षेत्र की सामान्य सीमा मान ली गयी थी।

इस विस्तृत खोज में कुछ नई बातें सामने आईं। उनको दृष्टि में रखकर कार्य क्षेत्र सीमित स्थान में नियत किया गया। क्षेत्र सीमित कर देने से कई लाभ हुए। जिस स्थान में निवास करनेवाले कवि का काव्य विवृत किया जाता था वहाँ उसके बारे में परंपरा से कही सुनी जानेवाली बातों का संग्रह किया जा सकता था। उसके बारे में उल्लेख करने योग्य सभी प्रकार के ज्ञातव्य एवं निरपेक्ष तथ्य जाने जा सकते थे। उसकी वंशपरंपरा एवं लिखित तथा मौखिक समग्र सामग्री तथा विवरण एकत्र किए जा सकते थे। रचना तथा रचयिता के संबंध में दूर दूर और समीप की प्रतिक्रिया एवं प्रभाव की जानकारी भी पाई जा सकती थी। इन बातों से संबंध रखनेवाली अन्य शोध सामग्री भी संगृहीत की जा सकती थी। एक ही नियत क्षेत्र में काम कराने से उपर्युक्त लाभ के अतिरिक्त एक क्षेत्र के काम के बारे में पूरी जानकारी भी मिल जाती थी। कभी यहाँ कभी वहाँ काम करने से किसी क्षेत्र के बारे में पूर्ण खोज के निश्चय का सदा अभाव बना रहता था। इस अनुभव से सभा ने नियत कार्यक्षेत्र के बारे में नया निश्चय किया।

सन् १९१७ से त्रैवार्षिक अवधि में एक जिले की खोज की सीमा बाँध दी गई। इस प्रकार दूर दूर के हिंदी प्रधान प्रांतों में खोज करने का कार्य समाप्त हो गया। जिले

बार खोजक्षेत्र भी संयुक्तप्रांत (उत्तरप्रदेश) में ही चुना गया, क्योंकि अनुदान की व्यवस्था इसी प्रदेश में थी।

जिस प्रकार खोजक्षेत्र के बारे में परिवर्तन किया गया, उसी प्रकार खोज-विवरणों के प्रकाशनक्रम में भी परिवर्तन कर लिया गया। प्रारंभिक प्रकाशनक्रम में विवरण प्रतिवर्ष अलग अलग प्रकाशित हुआ करते थे। उधर खोज का कार्य भी बराबर आगे चलता रहता था। पहले वर्ष की प्रकाशन सामग्री के विपरीत खोज सामग्री अगले वर्ष भी मिल जाया करती थी। ऐसे ही कुछ और भी कारण थे जिससे संशोधन परिवर्द्धन की समस्या प्रतिवर्ष के प्रकाशन में आती रहती थी। व्यर्थ के श्रम और समय से बचने के लिये खोज विवरणों का प्रकाशन क्रम ५ वर्ष की प्रारंभिक खोज के बाद त्रैवार्षिक कर दिया गया। त्रैवार्षिक प्रकाशन से सभी खोज विवरणों के समन्वय का अवसर मिलने लगा। बार बार खटकनेवाली अनेक त्रुटियाँ भी दूर हो गईं।

पहले इस बात की चर्चा आ चुकी है कि खोज के प्रारंभिक प्रकाशन से पर्याप्त प्रसिद्धि और सुझाव मिले थे। अनेक वैज्ञानिक सुझाव तथा संशोधन आदि के आँकड़े भी संचित किए गए थे। सबसे अधिक वैज्ञानिक सुझाव जार्ज ग्रियर्सन के थे। सभा ने उनको सहर्ष स्वीकार किया और खोज की अपनी कार्यपद्धति में तदनुसार आमूल परिवर्तन कर लिया। आज भी उसी परिवर्तित पद्धति पर खोजकार्य हो रहा है। जार्ज ग्रियर्सन[1] के सुझाव के अनुसार विवरण लेने में अन्य निम्नांकित बातों का भी समावेश किया गया—

"ग्रंथ और ग्रंथकार का नाम, ग्रंथकार का निवास स्थान, ग्रंथ किस पर लिखा है, पत्रसंख्या, औसत पत्रों की इंचों में लंबाई चौड़ाई, औसत प्रतिपृष्ठ पंक्तियों की संख्या, ग्रंथ कहीं प्रकाशित है या नहीं, यदि हाँ तो कहाँ, पूरे ग्रंथ की अनुष्टुप छंदसंख्या, पूर्ण, अपूर्ण, रूप, गद्य या पद्य अक्षर, रचनाकाल, लिपिकाल, ग्रंथस्वामी का पूरा पता, ग्रंथ के आदि, मध्य तथा अंत का अपेक्षित उद्धरण, पूर्ण विवरण के साथ विषय, ग्रंथकार का वृत्त, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक ज्ञातव्य विवरण के साथ साथ ग्रंथ का मौलिक महत्व एवं उससे संबंधित तुलनात्मक खोजसामग्री, प्राप्त हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह, संरक्षण, प्रकाशन, त्रैवार्षिक क्रम से खोज विवरणों का संपादन प्रकाशन।" यथासमय सभा ने यह भी निश्चय किया कि सं० १९३७ वि० के बाद की हस्तलिखित रचनाएँ विशेष परिस्थिति को छोड़कर विवृत न की जाँय।

जार्ज ग्रियर्सन के सुझाव मान लेने पर सभा के खोजकार्य में काफी विस्तार हो गया। इसके पूर्व भी विभिन्न परिस्थितियों में यथासमय परिष्कार एवं परिवर्द्धन किया जाता रहा। कम से कम ६ वर्षों तक के लिये विद्वान अनुभवी निरीक्षकों का कार्यकाल चुना गया। योग्य और टिकनेवाले कष्टसहिष्णु अन्वेषक नियुक्त किए

---

१ देखें परिशिष्ट १

गए। अन्वेषकों के समान पाम्य निरीक्षक के विषय में भी विचार किया गया। परंतु आर्थिक कठिनाइयों के कारण वह विचार पूरा न हो सका। निरीक्षक अन्वेषक के पारस्परिक व्यवहार संबंध नियम एवं कर्तव्य की सीमा बाँधी गई। तदनुसार अन्वेषक ६ मास तक बाहर भ्रमण करता था और ६ मास अपने निरीक्षक के साथ खोज विवरणों के संपादन में सहायक हुआ करता था।

आगे चलकर सभा का खोजकार्य संबंधी संपादन प्रकाशन आदि विधिवत चलने लगा। इस कार्य का प्रभाव अन्यान्य हिंदी प्रधान प्रांतों पर भी पड़ा। तदर्थ पंजाब प्रांत में खोज के लिये ५ ८ वार्षिक अनुदान मिलने लगा। दिल्ली के चीफ कमिश्नर ने भी इसी हेतु ५ २ का वार्षिक अनुदान दिया। पंजाब में बहुत दिनों तक खोजकार्य चलता रहा। बाद में अनुदान रुक जाने के कारण वहाँ का काम स्थगित कर दिया गया। दिल्ली के अनुदान की भी यही दशा हुई। अतएव दिल्ली प्रांत में केवल ८ महीनों तक ही कार्य हो सका जिसमें १ ७ ग्रंथ विवृत किए गए। पंजाब और दिल्ली की खोज विवरणिकायें क्रमशः सन् १९२२ ई० और सन् १९३१ ई० में डा० पीतांबरदत्त बड़थ्वाल और चंद्रधर शर्मा गुलेरी के संपादन द्वारा सभा से प्रकाशित की गईं।

सभा द्वारा खोजकार्य की १ वर्ष की अवधि में हिंदी उत्थान की बहुमूल्य सामग्री एकत्र की जा चुकी थी। हिंदी का इतिहास और समालोचना शास्त्र भी लिखना संभव हो गया। मिश्रबंधु विनोद तथा हिंदी साहित्य के अन्य इतिहास इस खोज सामग्री के आधार पर लिखे गए। १९२२ ई० तक की खोजसामग्री का सदुपयोग आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने इतिहास में किया। सभा की खोजसामग्री का अन्यान्य स्थानों के हिंदी अनुशीलनकर्ताओं एवं शोधार्थियों ने विशेष उपयोग किया।

समुचित खोज के अभाव में हिंदी साहित्य का काल विभाजन भी त्रुटिपूर्ण था। सिद्धों नाथों, योगियों निर्गुनियों निरंजनियों जैनियों धामियों प्रेमकथानक आदि की कड़ियाँ हिंदी साहित्य की वृहद परंपरा में समाविष्ट नहीं की जा सकी थीं।

हिंदी समालोचना शास्त्र में अनेक तथ्यों और व्यक्तियों का सामंजस्य नहीं किया जा सका था जैसे अकबरकालीन गंग के बारे में तो भूरि भूरि प्रशंसा की गई थी। पर उन्हीं के समान अपरिमित प्रतिभा संपन्न दूसरे गंग की चर्चा तक न थी। श्रीमद्गीता के सुआ (ब्रजनिवासी) उदयराम थे। "बीजकटीकाकार उदयनाथ कबींद्र को मान लिया गया था। आलम को अकबर और मुअज्जमशाह दोनों के समसामयिक माना गया था। आलम दो नहीं एक ही थे और वे अकबर के समय में थे। सतनामी पंथ के प्रवर्तक जग जीवन साहब को दादू का अनुयायी और शिष्य माना गया था। वे विसेसरपुरीवाले बुल्लासाहब के शिष्य थे। इस प्रकार अनेक ऐसे तथ्य सभा की खोज में पाए गए

वार खोजक्षेत्र भी सयुक्तप्रात (उत्तरप्रदेश) मे ही चुना गया, क्योंकि अनुदान की व्यवस्था इसी प्रदेश में थी।

जिस प्रकार खोजक्षेत्र के बारे में परिवर्तन किया गया, उसी प्रकार खोज-विवरणों के प्रकाशनक्रम में भी परिवर्तन कर दिया गया। प्रारभिक प्रकाशनक्रम में विवरण प्रतिवर्ष अलग अलग प्रकाशित हुआ करते थे। उधर खोज का कार्य भी बराबर आगे चलता रहता था। पहले वर्ष की प्रकाशन सामग्री के विपरीत खोज सामग्री अगले वर्ष भी मिल जाया करती थी। ऐसे ही कुछ और भी कारण थे जिससे सशोधन परिवर्द्धन की समस्या प्रतिवर्ष के प्रकाशन में आती रहती थी। व्यर्थ के श्रम और समय से बचने के लिये खोज विवरणों का प्रकाशन क्रम ५ वर्ष की प्रारभिक खोज के बाद त्रैवार्षिक कर दिया गया। त्रैवार्षिक प्रकाशन से सभी खोज विवरणों के समन्वय का अवसर मिलने लगा। बार बार खटकनेवाली अनेक त्रुटियाँ भी दूर हो गई।

पहले इस बात की चर्चा आ चुकी है कि खोज के प्रारभिक प्रकाशन से पर्याप्त प्रसिद्धि और सुझाव मिले थे। अनेक वैज्ञानिक सुझाव तथा सशोधन आदि के आँकडे भी सचित किए गए थे। सबसे अधिक वैज्ञानिक सुझाव जार्ज ग्रियर्सन के थे। सभा ने उनको सहर्ष स्वीकार किया और खोज की अपनी कार्यपद्धति में तदनुसार आमूल परिवर्तन कर लिया। आज भी उसी परिवर्तित पद्धति पर खोजकार्य हो रहा है। जार्ज ग्रियर्सन[1] के सुझाव के अनुसार विवरण लेने मे अन्य निम्नाकित बातों का भी समावेश किया गया—

"ग्रथ और ग्रथकार का नाम, ग्रथकार का निवास स्थान, ग्रथ किस पर लिखा है, पत्रसख्या, औसत पत्रों की इचों में लबाई चौड़ाई, औसत प्रतिपृष्ठ पक्तियों की सख्या, ग्रथ कहीं प्रकाशित है या नहीं, यदि हाँ तो कहाँ, पूरे ग्रथ की अनुष्टुप छदसंख्या, पूर्ण, अपूर्ण, रूप, गद्य या पद्य, अक्षर, रचनाकाल, लिपिकाल, ग्रथस्वामी का पूरा पता, ग्रथ के आदि, मध्य तथा अत का अपेक्षित उद्धरण, पूर्ण विवरण के साथ विषय, ग्रथकार का वृत्त, ऐतिहासिक, सास्कृतिक ज्ञातव्य विवरण के साथ साथ ग्रथ का मौलिक महत्व एव उससे सबधित तुलनात्मक खोजसामग्री, प्राप्त हस्तलिखित ग्रथों का संग्रह, सरक्षण, प्रकाशन, त्रैवार्षिक क्रम से खोज विवरणों का सपादन प्रकाशन।" यथासमय सभा ने यह भी निश्चय किया कि स० १६३७ वि० के बाद की हस्तलिखित रचनाएँ विशेप परिस्थिति को छोड़कर विवृत न की जाँय।

जार्ज ग्रियर्सन के सुझाव मान लेने पर सभा के खोजकार्य में काफी विस्तार हो गया। इसके पूर्व भी विभिन्न परिस्थितियों में यथासमय परिष्कार एव परिवर्द्धन किया जाता रहा। कम से कम ६ वर्षों तक के लिये विद्वान अनुभवी निरीक्षकों का कार्यकाल चुना गया। योग्य और टिकनेवाले कष्टसहिष्णु अन्वेषक नियुक्त किए

---

१ देखें परिशिष्ट १

गए। अन्वेषकों के समान योग्य निरीक्षक के विषय में भी विचार किया गया। परंतु आर्थिक कठिनाइयों के कारण वह विचार पूरा न हो सका। निरीक्षक अन्वेषक के पारस्परिक व्यवहार संबंध नियम एवं कर्तव्य की सीमा बाँधी गई। तदनुसार अन्वेषक ६ मास तक बाहर काम करता था और ६ मास अपने निरीक्षक के साथ खोज विवरणों के संपादन में सहायक हुआ करता था।

आगे चलकर सभा का खोजकार्य संबंधी संपादन प्रकाशन आदि विधिवत चलने लगा। इस कार्य का प्रभाव अन्यान्य हिंदी प्रधान प्रांतों पर भी पड़ा। तदर्थ पंजाब प्रांत में खोज के लिये ५ ह वार्षिक अनुदान मिलने लगा। दिल्ली के चीफ कमिश्नर ने भी इसी हेतु ५ रु का वार्षिक अनुदान दिया। पंजाब में बहुत दिनों तक खोजकार्य चलता रहा। बाद में अनुदान बंद आने के कारण वहाँ का काम स्थगित कर दिया गया। दिल्ली के अनुदान की भी यही दशा हुई। अतएव दिल्ली प्रांत में केवल ८ महीनों तक ही कार्य हो सका जिसमें २ ७ ग्रंथ विवृत किए गए। पंजाब और दिल्ली की खोज विवरणिकाएँ क्रमशः सन् १९११ ई और सन् १९१९ ई में डा पीतांबरदत्त बड़थ्वाल और चंद्रधर शर्मा गुलेरी के संपादन द्वारा सभा से प्रकाशित की गईं।

सभा द्वारा खोजकार्य की ६ वर्षीय अवधि म हिंदी ड्यान का बहुमूल्य सामग्री एकत्र की जा चुकी थी। हिंदी का इतिहास और समालोचना शास्त्र भी लिखना संभव हो गया। मिश्रबंधु विनोद तथा हिंदी साहित्य के अन्य इतिहास इस खोज सामग्री के आधार पर लिखे गए। १९२१ ई तक की खोजसामग्री का सदुपयोग आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने इतिहास में किया। सभा की खोजसामग्री का अन्यान्य स्थानों के हिंदी अनुशीलनकर्ताओं एवं शोधार्थियों ने विशेष उपयोग किया।

समुचित खोज के अभाव में हिंदी साहित्य का काल विभाजन भी त्रुटिपूर्ण था। सिद्धों नाथों, योगियों निर्गुणियों निरंजनियों जैनियों चारणियों प्रेमाख्यानक आदि की कवियों हिंदी सा।हत्य की वृहत् परंपरा में समाविष्ट नहीं की जा सकी थीं।

हिंदी समालोचना शास्त्र में अनेक तथ्यों और व्यक्तियों का सामंजस्य नहीं किया जा सका था जैसे अकबरकालीन गंग के बारे में तो भूरि भूरि प्रशंसा की गई थी। पर उन्हीं के समान अपरिमित प्रतिभा संपन्न दूसरे गंग की चर्चा तक न थी। जोगलीला के रचा (ब्रजनिवासी) उदयराम थे। 'जोगलीलाकार' उदयनाथ कवींद्र को मान लिया गया था। आलम को अकबर और मुअज्जमशाह दोनों के समसामयिक माना गया था। आलम दो नहीं एक ही थे और वे अकबर के समय में थे। सतनामी पंथ के प्रवर्तक जग जीवन साहब को दादू का अनुयायी और शिष्य माना गया था। वे विसेसरपुरीवाले बुल्लासाहब के शिष्य थे। इस प्रकार अनेक ऐसे तथ्य सभा की खोज में पाए गए

जिनके द्वारा समय समय पर भ्रांतियाँ दूर की गई। नवनवोपलब्धि से प्राचीन हिंदी साहित्य की श्रीवृद्धि होती रही।

सभा द्वारा खोजकार्य का प्रभाव केवल हिंदी साहित्य और समालोचना शास्त्र तक ही सीमित नहीं रहा। भारतीय शिक्षा एवं शिक्षण परंपरा पर भी प्रभाव पड़ा। साधारण शिक्षण संस्थाओं से लेकर विश्वविद्यालयीय शिक्षण पद्धति तक प्रभावित हुई। सभा की खोज में प्राप्त नए नए हिंदी ग्रंथ रत्नों का प्रकाशन और प्रचार किया गया। हिंदी की विविध विधाओं का पठनपाठन आरंभ हो गया।

सभा के सर्वप्रथम खोज निरीक्षक डा० श्यामसुंदरदास थे। सभा के दूसरे निपुण खोज निरीक्षक डा० पीतांबरदत्त बड़थ्वाल थे। आज भारत में शायद ही कोई ऐसा विश्वविद्यालय मिलेगा जहाँ हिंदी विभाग न हो, और हिंदी की विविध विधाओं पर शोध-प्रबंध न लिखे जाते हों। भारत और भारत के बाहर के समस्त हिंदी चिंतकों का सभा की खोजसामग्री से संबंध हो गया है। प्रतिवर्ष देशविदेश से शोधछात्रों के आने का क्रम लगा रहता है। ६४ वर्षों से सभा द्वारा हिंदी खोज का कार्य निरंतर होता आ रहा है।

अब पहले के समान हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज और विवरण आदि लेने का कार्य कठिन नहीं रहा। सभा द्वारा खोजकार्य के अनुकरण एवं उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में अन्य संस्थाएँ भी कार्य करने लगीं। उनके प्रयत्न से प्राचीन हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की सूचियाँ प्रकाशित हुई। संक्षिप्त रूप में खोज विवरण और प्राचीन ग्रंथ भी प्रकाशित किए गए।

सभा का खोजकार्य अपने ढंग का है। इन शोध संस्थानों से भी सभा के खोज कार्य के बहुत से उद्देश्यों को पूर्ण करने में सहायता ली गई है। वस्तुतः सभा की खोज का बहुत बड़ा परिमाण संचित हो चुका है। हिंदी के उत्थान एवं विकास में उसका बहुत बड़ा योगदान है।

नागरीप्रचारिणी सभा द्वारा ५५ वर्षों तक जिन भिन्न स्थानों में खोज हुई है, उनमें हिंदी के प्रायः सभी प्रांत न्यूनाधिक रूप में संमिलित हैं। सबसे अधिक व्यवस्थित और नियमित रूप से खोज उत्तरप्रदेश में होती आ रही है। ६५ वर्षों की खोज में १८ खोज विवरण (६ वार्षिक १२ त्रैवार्षिक) प्रकाशित किए जा चुके हैं। १८ खोज विवरणों के अतिरिक्त ४ खोज विवरण विक्रमाब्दीय त्रैवार्षिक क्रम से संपादित एवं उत्तरप्रदेश सरकार के अनुदानाश्रित अप्रकाशित पड़े हैं। ५५ वर्षों में २२ खोज विवरणों द्वारा प्राप्त खोज सामग्री बड़े बड़े जिलों नगरों आदि स्थानों में पाई गई है। जिन स्थानों की खोज से उपर्युक्त २२ खोज विवरण प्रस्तुत किए गए हैं उनके नाम ये हैं —

बनारस	काँगड़ा	एटा	गढ़वाल	बहराइच
रीवाँ•	पन्ना•	इटावा	नैनीताल	बाराबंकी
जयपुर•	चरखारी•	अलीगढ़	अलमोड़ा	रायबरेली
नागौर•	दतिया•	बुलंदशहर	सीतापुर	प्रतापगढ़
लखनऊ	छतरपुर•	मेरठ	गोंडा	दिल्ली•
असनी	आजमगढ़	मुजफ्फरनगर	धर्मशाला•	बलिया
आगरा	प्रयाग	सहारनपुर	गुलेर•	इलाहाबाद
मथुरा	फतहपुर	देहरादून	हरिपुर•	कालाकाँकर
जोधपुर•	झाँसी	बिजनौर	नगरौटा•	भरतपुर•
कलकत्ता•	जालौन	मुरादाबाद	नाहन•	हरदोई
अयोध्या	कानपुर	बरेली	पटियाला•	खीरी
बाँदा	उन्नाव	पीलीभीत	नारनौल•	जौनपुर
मिर्जापुर	फर्रुखाबाद	शाहजहाँपुर	फैजाबाद	बस्ती
गोरखपुर	मैनपुरी	बदायूँ	सुलतानपुर	गाजीपुर आदि

इसमें गाँवों की नामावली छोड़ दी गई है। ऊपर के पुष्पांकित खोजक्षेत्रों के नाम उत्तरप्रदेश से बाहर के हैं। १५ वर्षों की अवधि में जितने स्थानों में खोज कार्य हुआ है वह बहुत थोड़ा है। कुछ स्थानों को छोड़कर शेष जिन स्थानों की खोज के आधार पर ११ खोज विवरण प्रस्तुत किए गए हैं वे उत्तर प्रदेश के ही हैं।

वस्तुतः हिंदी की बहुत बड़ी गहराई के तथ्य को सदियों से छिपा रखनेवाले राजपूताना मध्यप्रदेश हैदराबाद गुजरात आदि स्थानों में तथा बड़ी बड़ी हिंदू रियासतों में सभा के ढंग से काम नहीं किया गया है। व्यक्तिगत संकीर्णताएँ खोज के मार्ग में आरंभिक अवरोधक रही हैं। किंतु अब वे संकीर्णताएँ शिथिल हो चुकी हैं यद्यपि मठों मंदिरों एवं राजदरबारों में जो विशाल संग्रह भरा पड़ा है उसको दिखाने में अभी भी संकोच किया जाता है। जैनियों वैष्णवों के मंदिरों में विवरण लेने की सुविधा प्राप्त होने लगी है। खेद है ऐसा राजदरबार जहाँ विवरण लेने की असुविधा आज तक बनी है। शताब्दियों से हिंदी की मूल्यवान खोज सामग्री सड़ गलकर नष्ट होती आ रही है। बड़े बड़े हिंदी साहित्य भंडारों तथा गाँव गाँव में बिखरी-छिपी हिंदी निधियों को बचाया जा सकता है।

सभा द्वारा खोज की संपूर्ण संचित सामग्री तथा अनुभव से अनेक तथ्य ज्ञात हुए हैं। वैज्ञानिक विश्लेषण पद्धति द्वारा खोज का व्यापक कार्य शेष है। प्राचीन हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों के विवरणों में अनेक रचनाएँ संदिग्धपरिचय भ्रष्टपाठ और कालविहीन हैं। उनके समाधान में विलंब हो रहा है। बहुत सी अज्ञात रचनाएँ और अज्ञातनामा ग्रंथकार पदकार शब्दकार संदर्भकार मिले हैं। खोज में उपलब्ध रचनाओं का ध्वनि रस रीति अलंकार आदि काव्य सौष्ठव की दृष्टियों से अनुशीलन बाकी है। बहुत

पहले जो ग्रंथ विवृत किए गए थे वे अब मूलत: लुप्त हो गए हैं। उनके ग्रंथ स्वामी भी चल बसे हैं। ऐसी चिंतनीय खोज सामग्री के अध्ययन की सुविधा नहीं रही।

सभा द्वारा ५५ वर्षीय हिंदी खोज कार्य में प्रचुर विपुल की सामग्री विवृत की गई है। तथोक्त अवधि में सभा के खोज कार्य पर ८१३८१ ७२ रु० व्यय किए गए। परिणामत: १५५८२ ग्रंथों के विवरण लिए गए। उनमें ६५६० ग्रंथकारों की संख्या थी। सभा संग्रहालय को २१३७ ग्रंथ मिले।

ग्रंथों एवं ग्रंथकारों की विक्रमाब्दीय समय सारणी इस प्रकार है—

शताब्दी	वि० १०	वि० ११	वि० १२	वि० १३	वि० १४	वि० १५	वि० १६	वि० १७	वि० १८	वि० १९	वि० २०	अज्ञात	योग
ग्रंथकार	१	१	८	२	५८	१७	३६३	८२२	१२७०	१३६८	१३६	२५११	६५६०
ग्रंथ	१	१	१०	२	८५	१७२	१०८८	१६१०	२६६५	२६६६	२६५	६६५७	१५५८२

प्रस्तुत समय सारणी से ज्ञात होता है कि १८ वीं शताब्दी से लेकर १६ वीं शताब्दी तक पर्याप्त मात्रा में हिंदी के ग्रंथ लिखे गए। २० वीं शताब्दी के प्रारंभ से छपाई होने लगी थी। अतएव हिंदी में हस्तलिखित ग्रंथों के लिखने की परिपाटी बंद सी हो गई। इस प्रकार १४वीं शताब्दी से १६वीं शताब्दी तक का समय हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों का स्वर्णकाल कहा जाय तो अनुचित न होगा। वैसे हिंदी में लिखित साहित्य का आभास ८ वीं शताब्दी से मिलता है।

५५ वर्षों की खोज में उपलब्ध ग्रंथों के निम्नलिखित विषय हैं—

भक्ति
कोश
कथा
स्वरोदय
योग
पुराण
चरित
उपदेश
वैद्यक
रीति
पिंगल
स्तुति
धनुर्विद्या
अलंकार
महाकाव्य
वेदांत
जैनागम
ज्योतिष
शालिहोत्र
शृंगार
नीति
इतिहास
संगीत
वंशावली
सदाचार
प्रेम
राजनीति
वैराग्य
आत्मज्ञान
नाटक
उपन्यास
काव्य
शकुन
मुनीमी
पाकशास्त्र
पशुचिकित्सा
धार्मिक
षट्ऋतु
नखशिख
कामशास्त्र
भूगोल
तंत्र
मंत्र
यंत्र
संग्रह
रसायन
दर्शन
सामुद्रिक
रमल
पहेली
व्याकरण
मृगया
मनोरंजन
वनस्पति शास्त्र
रत्नपरीक्षा
बागबानी
लोकोक्ति
माहात्म्य
स्वप्नविचार
वार्ता
विरुदावली
यात्रा
वास्तुविद्या
भजन
मुकरी
विविध आदि

संक्षिप्त विवरण

१५ वर्षों में सभा के द्वारा जो खोजकार्य हुआ है, प्रसंगानुसार अब तक उसी की संक्षिप्त चर्चा की गई है। इस खोजकार्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि में जिन्होंने सहायता दी है सभा उनकी आभारी है। विशेषरूप से उत्तरप्रदेश सरकार हिंदीप्रेमी समाज, खोज विभाग के निरीक्षक गण गाँवों के रईस जमींदार, ग्रंथस्वामी अध्यापक समाज व्यापारी राजकर्मचारी आदि सभी के प्रति सभा चिरऋणी रहेगी। इनकी यथासमय की सहायता से ही हिंदी सेवा का इतना बड़ा कार्य हो सका।

प्रारंभिक पाँच वर्षों की खोज के अनंतर, जिसमें वार्षिक खोज विवरण प्रकाशित किए गए—त्रैवार्षिक खोज विवरणों का प्रकाशन किया जाता रहा है। त्रैवार्षिक खोज विवरणों के अध्ययन से बराबर नई बातों की जानकारी होती रही। अनेक कवियों तथा लेखकों के बारे में ऐसी नई बातें ज्ञात हुईं जो पहले के विवरणों में नहीं थीं। विभिन्न खोज विवरणों में बिखरी हुई नवोपलब्धियों को एक कड़ी में मिलाने के लिये अनुसंधायकों का समस्त खोज विवरण जो अलग अलग प्रकाशित थे—देखने पड़ते थे। इसके साथ ही किसी कृतिकार की समस्त कृतियों को देखने के लिये भी खोज विवरणों का अलग अलग देखा जाना आवश्यक था। इससे अनुसंधायकों को अनावश्यक श्रम तो करना ही पड़ता था समय भी नष्ट होता था और कठिनाई भी होती थी।

११ वर्षों में ८ खोजविवरण प्रकाशित किए जा चुके थे। इस अवधि में १४५ कवियों और आश्रयदाताओं के साथ २०५१ ग्रंथ विवृत किए गए थे। सर्वप्रथम इसी खोजसामग्री के आधार पर संक्षिप्त विवरण संपादित करने का लक्ष्य बनाया गया। इसके संपादन और प्रकाशन का भार डा श्यामसुंदरदास के ऊपर सौंपा गया। यह संक्षिप्त विवरण सं १९८८ वि में प्रथम भाग के रूप में प्रकाशित हुआ। प्रति १५वें वर्ष संक्षिप्त विवरण प्रकाशित करने का निश्चय भी किया गया।

सं वि प्रथम भाग के प्रकाशित होते ही उपर्युक्त कठिनाइयाँ दूर हो गई। खोज संबंधी परिमार्जित सामग्री का भी पता लगा। अनेक भूलों का भी खंडन किया गया। उदाहरणस्वरूप भागवत दशमस्कंध के निर्माता भूपति कवि लालकवि चंद्रहित चंदलाल रतनकवि कवींद्र गौरी कवि मानसिंह गुमकरण अनाथदास रतनपाल आदि कवि और भूषण मतिराम चिंतामणि जटाशंकर इन चारों के पारस्परिक संबंध के बारे में पाई जानेवाली भाँति भाँति की भ्रांतियाँ दूर की गई। एक कवि के नाम पर दूसरे कवि की प्रसिद्धि पानेवाली रचना का खंडन किया गया। आश्रित कवियों एवं आश्रयदाताओं के संबंध में ऐसी भ्रांतियाँ भी दूर की गई। संक्षिप्त विवरण प्रथम भाग के द्वारा जो लाभ हुआ उसका विस्तृत विवरण उसकी भूमिका में दे दिया गया है। पुनरुक्ति और स्थान संकोच के कारण उसके बारे में यहाँ नहीं लिखा जा रहा है।

सभा द्वारा खोज कार्य के १९२५ ई तक के विवरण पूर्व की भाँति अंग्रेजी में छप चुके थे। आगे अप्रकाशित व प्रकाशित विवरण अप्राप्य हो गए। सं वि का

प्रकाशन भी समाप्तप्राय हो गया। [illegible] प्रकाशित [illegible] के साथ मिलना कठिन हो गया। उधर आगे का खोज कार्य [illegible] जारी रहा। [illegible] पर्याप्त मात्रा में विवरण संचित हो गए जिनमें [illegible] और [illegible] हुआ। इस नवीन सामग्री के सर्वसुलभ न होने के कारण [illegible] विद्वानों और अनुसंधायकों के अध्ययन में पुनः कठिनाई पड़ने लगी।

ऐसी स्थिति में पूर्व प्रकाशित सं० वि० का [illegible] परिवर्तन [illegible] के साथ विस्तार से पुनः प्रकाशन आवश्यक हो गया। [illegible] पूर्व प्रकाशित सं० वि० की पद्धति में भी परिवर्तन अपेक्षित समझा गया।

पर्याप्त मात्रा में खोज विवरण भी इकट्ठे हो चुके थे। उनका प्रकाशन स्वयं सरकार किया करती थी। सरकारी तौर पर प्रकाशन बहुत देर और [illegible] उपेक्षा के साथ होता था। अर्थाभाव के कारण सभा खोजविवरणों का [illegible] प्रकाशन नहीं करा सकती थी। खोज का अनुदान भी बड़ी देर से मिला करता था। इन विवशताओं की स्थिति में हिंदी सेवा का काम आगे बढ़ाने और आवश्यकताओं की कठिनाइयों को दूर करने के लिये सभा ने नया निश्चय किया।

प्रकाशन के लिये सरकारी प्रेस में चिरकाल से पड़े हुए १९२९-२८ ई० के खोजविवरण को सभा ने बड़े खेद के साथ वापस मँगा लिया। यह खोजविवरण बड़ी नष्ट भ्रष्टावस्था में मिला। सभा ने निश्चय किया कि खोजविवरणों का प्रकाशन वह स्वयं करेगी। अंग्रेजी (ईस्वी) त्रैवार्षिक क्रम के बजाय विक्रमाब्दीय त्रैवार्षिक क्रम से विवरण छपेंगे। उनका प्रकाशन केवल हिंदी में होगा। अंग्रेजी में संपादित खोजविवरण हिंदी में अनूदित करके प्रकाशित किए जाएँगे। विक्रमाब्दीय त्रैवार्षिक संवत्सर क्रम में पहले की अपेक्षा ४ मास के अधिक खोजविवरण सम्मिलित करने पड़े। इस निश्चय की पक्की रूपरेखा सं० २००८ वि० में तैयार की गई।

पर खोज विवरणों को प्रकाशित करने के लिये सभा के पास अपेक्षित द्रव्य न था। खोज विवरणों के अप्रकाशित पड़े रहने से हिंदी की बड़ी हानि हो रही थी। विवश होकर सभा ने नया मार्ग निकाला और त्रैवार्षिक खोज विवरणों के प्रकाशन के बजाय संपूर्ण खोज विवरणों की विस्तृत रूप से एक अनुक्रमणी (संक्षिप्त विवरण) तैयार करने का विचार किया। सन् १९०० ई० से १९४३ ई० तक ४४ वर्षों की खोज सामग्री प्रस्तुत अनुक्रमणी के लिये तैयार थी।

४४ वर्षों की खोज सामग्री पर तैयार होनेवाला यह संक्षिप्त विवरण हिंदी का कार्य करनेवालों और अनुसंधित्सुओं के लिये अत्यंत उपयोगी था। नई पद्धति होने से इसमें सूचनाएँ भी अधिक संकलित की गई थीं और रचनाकारों एवं रचनाओं विषयक सामग्री भी अधिक उपलब्ध हो गई थी।

योजना की रूपरेखा तैयार हो जाने के बाद कार्य आरंभ हो गया और रचनाओं, रचनाकारों तथा आश्रयदाताओं की अनुक्रमणी तैयार की जाने लगी।

१ माघ संवत् १९९९ वि का सभा की प्रबंध समिति ने संक्षिप्त विवरण के विषय में पुनः निश्चय किया। अनंतर उसी निश्चय के अनुसार संपादन कार्य आरंभ हुआ।

४४ वर्षीय इस दूसरे संक्षिप्त विवरण में ११७१७ प्राचीन हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों के विवरण संमिलित थे। १५ के लगभग ग्रंथ भी प्राप्त किए जा चुके थे। ४४ वर्षों के खोज कार्य पर सभा का तथा अन्य स्रोतों से प्राप्त ११८१४॥≡)॥। २३ व्यय हुआ जिसका ब्योरा यह है—

९८१४ ॥≡)॥। २३ सभा

१७४	*उत्तरप्रदेश सरकार
१५	*पंजाब सरकार
५	दिल्ली चीफ कमिश्नर
११	जनता

११८१४ ॥≡)॥। २३

अर्थाभाव के कारण इस संक्षिप्त विवरण का कुछ अंश ही छप सका। आगे के अनेक वर्षों तक संक्षिप्त विवरण का प्रकाशन स्थगित रहा। इससे शोधकर्ताओं को अत्यंत कठिनाई का अनुभव होने लगा।

अप्रकाशित संक्षिप्त विवरण के प्रकाशन के विषय में बार बार विचार होता रहा। सभा की स्वर्णजयंती (सं २ वि) के समय इसके प्रकाशन की रूपरेखा पुनः तैयार की गई और केंद्रीय शासन से इसके प्रकाशनव्यय की प्रार्थना की गई।

सभा द्वारा माँगी गई अनुदान राशि को सरकार ने संशोधित शर्तों के साथ स्वीकार किया। उसने कुछ सुझाव भी दिए, जिनका संक्षिप्त विवरण के संपादन में परिपालन किया गया। सं २ १४ वि में केंद्रीय शासन से ५ किस्तों में भुगतान होनेवाले १ ८ के अनुदान की स्वीकृति मिली।

अबकी बार की बृहद् योजना में सन् १९ से १९५५ तक की खोज सामग्री संमिलित की गई। तदनुसार कुछ दिनों तक कार्य चला किंतु कतिपय कारणों से फिर शिथिलता आ गयी।

मार्गशीर्ष सं २ १७ वि में संक्षिप्त विवरण के लिये सुदृढ़ व्यवस्था अपनाई गई और नये सिरे से कार्य आरंभ हुआ। इस बात की चर्चा की जा चुकी है कि इसके पूर्व भी संक्षिप्त विवरण को प्रस्तुत करने के लिये दो बार प्रयत्न किए गए थे, जिनमें प्रथम प्रयत्न तो पूरा हो गया था पर दूसरी बार कुछ अंश ही छप कर रह गया था। सन् १९०० से १९५५ तक के इस संक्षिप्त विवरण में पूर्व के संक्षिप्त विवरणों की सामग्री का समाहार था। इस प्रकार कुल मिलाकर रचनाओं और रचनाकारों के विषय में प्रभूत मात्रा में सामग्री संचित हो गई थी। यह सामग्री संदर्भ तो थी ही संशोधन सापेक्ष भी थी—

विशेष रूप से मूल खोज विवरणों के सदर्भ में जिनके आधार पर सक्षिप्त विवरण का निर्माण हो रहा था। इस प्रकार दो कार्य प्रमुख रूप से सामने आए—

(१) खडखड सामग्री को एक क्रम में समन्वित करना और (२) समस्त सामग्री का मूल खोज विवरणो से मिलान करना।

प्रारभ में दूसरा कार्य अर्थात् सक्षिप्त विवरण मे प्रस्तुत की जानेवाली समस्त सामग्री का खोज विवरणों मे मिलान किया गया। इस कार्य में ध्यान यह रखा गया कि रचनाकारो और उनकी समस्त रचनाओं को एक साथ रखकर खोज विवरणों से मिलान किया जाय —रचनाकारो का मिलान खोज विवरणों के परिशिष्ट स० २ की परिचय टिप्पणियों से और रचनाओ तथा उनके रचनाकाल, लिपिकाल विषय तथा प्राप्ति स्थान आदि का मिलान खोज विवरणो के परिशिष्ट स० ३ के ग्रथ विषयक विवरणों से। इसके लिये सन् १९०० से १९४३ तक के सक्षिप्त विवरण की समस्त सामग्री, जो कापियों मे थी परचियो के रूप मे तैयार की गयी और प्रत्येक रचनाकार तथा प्रत्येक रचना के लिये अलग अलग परचियाँ लिख ली गई। सन् १९४४ से ५५ तक की परचियाँ पहले से तैयार थीं--थोड़ी सी ही परचियाँ इस क्रम में तैयार करनी पड़ीं।

प्रारंभिक दौर में इस प्रकार सपूर्ण सामग्री परचियों के रूप में तैयार कर ली गई।

फिर खोज विवरणों से मिलान का कार्य आरभ हुआ। पद्धति आदि के विषय में जो कठिनाइ सामने आई उसको खोज उपसमिति के सामने रखा गया और उसका निराकरण प्राप्त किया गया।

प्रस्तुत संक्षिप्त विवरण की रचना प्रक्रिया में मिलान का कार्य ही सबसे महत्वपूर्ण और उपयोगी कदम था, क्योंकि इससे अनेक भ्रातियों का परिमार्जन हुआ और तथ्यों में परिवर्तन तथा परिवर्द्धन हुए। मूल खोज विवरणों पर निर्भर रहते हुए भी यत्रतत्र से जो तथ्य मिले, उनका भी यथास्थान उपयोग किया गया। रचनाओं और रचनाकारों को एक साथ रखकर मिलान करने के फलस्वरूप उन समस्त परचियों को अलग कर दिया गया जो किंचित् नामातर से पुनरुक्त हो गई थीं।

मिलान कार्य समाप्त हो जाने के बाद खंड खड सामग्री को एक क्रम में समन्वित किया गया अर्थात् १९०० से १९४३ और १९४४ से १९४६ तथा १९५० से १९५५—इन तीन खडों में बँटी हुई सामग्री का एक साथ अकारादि क्रम लगाकर व्यवस्थित किया गया।

सवत् २०१७ से २०२१ की अवधि में यह कार्य हुआ।

मिलान और अकारादिक्रम का महत्वपूर्ण कार्य समाप्त हो जाने के बाद प्रेस कापी तैयार करने और अंतिम रूप से सक्षिप्त विवरण की सामग्री में समन्वय करने का कार्य शुरू किया गया।

क्रमशः यह कार्य भी समाप्त हुआ और फिर प्रेस कापी तैयार हो जाने के बाद प्रकाशन प्रारंभ हो गया।

सन् १९ –१९५५ के इस 'बृहद्' संक्षिप्त विवरण की सामग्री को आधिक्य के कारण दो खंडों में प्रस्तुत किया गया है। खोज विषयक अन्य जानकारी के परिशिष्ट दूसरे खंड में रखे गए हैं।

कार्य के चालू वर्ष में श्री पं० विद्याभूषण जी मिश्र के विदेश चले जाने के कारण खोज विभाग का निरीक्षण मुझे सौंपा गया। मेरी देख रेख में यह संक्षिप्त विवरण सभा से सांगोपांग एवं बृहदाकार प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रस्तुत संक्षिप्त विवरण सभा के १९ –१९५५ के खोज कार्य का ऐसा संक्षेप है जिसमें मूल खोज विवरणों की तात्विक बातों को समाहार के साथ ले लिया गया है। सभा से प्रकाशित खोजविवरणों को देखने में यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह सभा की खोज का आकार ग्रंथ है जो विशाल खोज का संक्षिप्त रूप में दिग्दर्शन कराएगा। जो खोज विवरण अब दुर्लभ हो गए हैं उनके विषय में भी सम्यक सूचनाएँ होने से यह और भी उपयोगी हो गया है। इस संक्षिप्त विवरण को प्रस्तुत करने में बहुत कुछ करना पड़ा है जिसका उल्लेख संक्षेप में किया गया है। डा० श्यामसुंदरदास के संपादन में प्रथम बार संक्षिप्त विवरण (प्रथम भाग) प्रकाशित हुआ जो ११ वर्षीय खोज के आधार पर था। अनंतर काफी अंतराल के बाद ४४ वर्षों की खोज सामग्री के आधार पर दूसरी बार संक्षिप्त विवरण तैयार करने का आयोजन हुआ पर कुछ अंश ही छपकर रह गया।

तीसरी बार संक्षिप्त विवरण अपने विशाल रूप में प्रकाशित हो रहा है। इसके विशाल कलेवर में पूर्व के सभी प्रयास परिवर्तन और परिवर्द्धन के साथ संमिलित हो गए हैं। प्रथम संक्षिप्त विवरण में सूचनाएँ कम थीं। ४४ वर्षों के संक्षिप्त विवरण में उन्हें बढ़ा दिया गया। पुनः १९ से ५५ तक के संक्षिप्त विवरण में और वृद्धि की गई। परिमार्जन भी हुआ है। इस प्रकार काफी सावधानी से कार्य किया गया है। किंतु फिर भी सुधार की गुंजाइश संभव है। इस दिशा में जो सामग्री या सुझाव उपलब्ध होंगे उनका यथा योग्य आगे के प्रकाशन में उपयोग किया जाएगा।

वस्तुतः यह संक्षिप्त विवरण सन् १९ –१९५५ तक की अवधि में सभा द्वारा किए गए खोज कार्य की वृहदानुक्रमणी ही है। इसमें संमिलित की गई खोज सामग्री के तीन भाग हैं—

(१) रचनाकार
(२) रचना
(३) आश्रयदाता

रचनाकार के साथ खोज में उपलब्ध यथासंभव संक्षिप्त परिचय है। इसके अनंतर अनुक्रम के साथ उसकी समस्त रचनाओं की नाम सूची है।

रचना के साथ रचना के नाम के बाद ये बातें हैं—गद्य में है या पद्य में, रचनकार का नाम, रचनाकाल, लिपिकाल, विषय और उक्त रचना का प्राप्ति स्थान। यदि किसी रचनाकार के अनेक हस्तलेख हैं तो उनको लि० का० या खोज विवरणों के प्रकाशन क्रम से उपस्थित किया गया है, और सभी के प्राप्ति स्थान भी दिए गए हैं, जिससे अनुसंधायक संक्षिप्त विवरण के आधार पर ही यथास्थान हस्तलेख को प्राप्त कर सके।

रचनाओं और रचनाकारों के विषय में कुछ ऐसे तथ्य भी मिले जो खोज विवरणों में अशुद्ध रूप में प्रकाशित हैं। जैसे सन् १६२६ के खोज विवरण में 'भानुकीति' भाऊ कवि के रूप में हैं। अथवा कोई कोई रचना आश्रयदाता के नाम पर प्रकाशित है। ऐसी भ्रांतियों का निराकरण परवर्ती खोज या अन्यत्र की शोध सामग्री से करके टिप्पणियों के अंतर्गत दे दिया गया है।

अज्ञातनामा ग्रंथों का पूर्ण परिचय भी अनुक्रम में दिया गया है।

आश्रयदाताओं का संक्षिप्त परिचय भी आवश्यक रूप से दिया गया है, क्योंकि आश्रयदाता रचनाओं के प्रेरक ही नहीं होते थे, रचना की प्रकृति को प्रभावित भी करते थे। ऐसी स्थिति में उनके परिचय का शोध महत्व हो जाता है।

इसके अतिरिक्त भी यदि कुछ ज्ञातव्य बातें पाई गई हैं, तो उनका यथावकाश समावेश किया गया है।

संपूर्ण सामग्री अनुक्रम में होने से, उसके देखने में किसी प्रकार की कठिनाई भी नहीं है।

इस रूप में प्रस्तुत यह संक्षिप्त विवरण हिंदी साहित्य के विद्वानों, विद्यार्थियों तथा अनुसंधायकों के लिये अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसी मेरी धारणा है।

कृष्णदेव प्रसाद गौड़
निरीक्षक, खोज विभाग,
नागरीप्रचारिणी सभा,
वाराणसी।

खोज में उपलब्ध

हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों

का

संक्षिप्त विवरण

[सन् १६०० से १९५५ ई० तक]

अंककौतूहल (पद्य)—अन्य नाम 'अंकफलीलावती'। पीतमदास कृत। र० का० सं० १८८८। वि० गणित।
प्रा०—श्री महादेवप्रसाद मिश्र, मिसरवलिया, डा० बहुनगर (बस्ती)। →सं० ४-२ क।

अंकविधिविलोक—गोरखनाथ कृत। गोरखबोध में संगृहीत। → २-४१ (बारह)।

अंकावली (पद्य)—तुलसीदास (?) कृत। लि० का० सं० १९११। वि० ज्ञान।
प्रा०—श्री मथुराप्रसाद शिवप्रसाद साहु, आजमगढ़। → ६-१२१ ए।

अंगद (शास्त्री)—बदौमर्दपुर निवासी। विश्वामित्रपुर के राजा बलकृष्ण के पुत्र गिरिप्रसाद के आश्रित।
भागवत (दशमस्कंध भाषा) (गद्य)→२६ १६।

अंगद जी—संभवतः नाभादास जी के 'भक्तमाल' में उल्लिखित रायसेनगढ़ के राजा सलाहदी के काका अंगद जी।
पद (पद्य)→सं० ७-१।

अंगद जी (गुरु)—जन्म सं० १५६१ (१५६०)। सं० १६ ९ में विपाशा नदी के तीरवर्ती मेराडाल के पास खडूर नामक स्थान में मृत्यु। गुरु नानक के बाद सिक्खों के गुरु पद पर आसीन हुए। इनकी कुछ रचनाएँ 'गुरुग्रंथ साहब' में भी संकलित हैं।
जनमसाखी (गद्यपद्य)→२१-११।

अंजननिदान (गद्यपद्य)—आनंदसिद्धि कृत। लि का सं १८८५। वि वैद्यक।
प्रा —श्री गिरिधारीलाल चौबे पंदवार डा फिरोजाबाद (आगरा)।
→२९-१४।

अंजननिदान (गद्य)—वंशीधर कृत। र का सं १९११। वि वैद्यक।
(क) लि का सं १९१२।
प्रा —ठा पीतमसिंह बहना का नगरा मा अलीगंज (एटा)। →२९-२६ बी।
(ख) लि का सं १९१४।
प्रा —पं बेनीदीन तिवारी माधोपुर डा बिसराम (एटा)। →२९-२६ ए।
(ग) लि का सं १९१८।
प्रा —ठा मानसिंह, पाली (हरदोई)। →२९-२६ डी।
(घ) लि का सं १९३५।
प्रा —पं शिवरामा वैद्य बासूपुर डा फरौली (एटा) →२९-२६ सी।

अंजननिदान टीका (पद्य)—रामनाथ (नागर) उप राम कवि कृत। र का सं १८३४। वि अंजननिदान नामक वैद्यक ग्रंथ की टीका। →पं २२-९४।

अंजनासुंदरी कथा (पद्य)—रचयिता अज्ञात। लि का सं १७५२। वि अंजनी के गर्भ से हनुमान का जन्म।
प्रा —नागरीप्रचारिणी सभा वाराणसी। →४१-१२५।

अंजनीदास—(?)
सूरजपुराण (पद्य) →सं १ -१।

अंजीररास (पद्य)—प्राणनाथ कृत। वि धामी पंथ का विवेचन।
(क) लि का सं १७५१।
प्रा —अमीरुद्दौला सार्वजनिक पुस्तकालय कैसरबाग लखनऊ। →२१-११८।
(ख) लि का सं १८४ ।
प्रा —बाबा सुदर्शनदास आचार्य, गोंडा। →२ -१२६।
(ग) लि का सं १८५१।
प्रा —नागरीप्रचारिणी सभा वाराणसी। →सं १ २१९।

अंजुलिपुराण (गद्य)—अन्य नाम 'रसुलपुराण' और 'वैद्यकचौरासी'। कनाम साहब कृत। वि वैद्यक।
(क) लि का सं १८७०।
प्रा —ठा हरिनामसिंह धाईपुर डा अतरौली (अलीगढ़)। →२९-११बी।
(ख) लि का सं १८९७।
प्रा —श्री देवीदयाल आयुर्वेदाचार्य कामेर (आगरा)। →२९-११ ए।
(घ) लि का सं १९१५।

प्रा०—पं० काशीप्रसाद सर्राफ, बिजावर। →०६-१६६ (विवरण अप्राप्त)।
(एक अन्य प्रति गौरीशंकर कवि, रतिया के पास है)।
(घ) प्रा०—बाबू मनोहरदास रस्तोगी, धुंधीकटरा, मिरजापुर। →०२-११२।
(ङ) प्रा०—श्री गयाप्रसाद पाठक, मई, डा० किराकत (जौनपुर)।
→सं० ०१-३०।
टि० प्रस्तुत ग्रंथ के रचयिता को भूल से पराशरी हकीम माना गया है, जो रचयिता के पिता थे।

अंतःकरणप्रबोध (गद्य)—गुसाँइ जी कृत। वि० भक्ति और ज्ञान।
प्रा०—पं० रमनलाल, श्रीनाथजी का मंदिर, राधाकुंड, मथुरा। →३५-२२ ए।

अँतरिया की कथा (पद्य)—मेड़ईलाल (अवस्थी) कृत। र० का० सं० १९०५।
वि० अँतरिया (इकतरा) ज्वर की कथा।
प्रा०—पं० त्रिभुवनदत्त, फखरपुर (बहराइच)। →२३-२७७।

अंतर्लापिका (पद्य)—दीनदयाल (गिरि) कृत। वि० चित्रकाव्य।
प्रा०—महाराज बनारस का पुस्तकालय, रामनगर (वाराणसी)। →०४-६६।

अंतर्लापिका (पद्य)—रचयिता अज्ञात। वि० कूटकाव्य।
प्रा०—पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। →४१-३२६।

अंबरदास→'अमरदास' ('भक्तविरुदावली' के रचयिता)।

अंबरीपचरित्र (पद्य)—चिंतामणिदास कृत। वि० राजा अंबरीप की कथा।
प्रा०—महंत व्रजलाल, सिराथू (इलाहाबाद)। →०६-५१।

अंबाआरती (पद्य)—शिवानंद (स्वामी) कृत। वि० नाम से स्पष्ट।
प्रा०—लाला दरबारीलाल, डा० बरालोकपुर (इटावा)। →३८-१४२।

अंबिकाचरित्र (पद्य)—भगीरथप्रसाद (त्रिपाठी) कृत। र० का० सं० १९६६।
वि० देवी चरित्र।
प्रा०—श्री भगीरथप्रसाद त्रिपाठी, निगोहाँ, डा० तिनेरा (रायबरेली)।
→सं० ०४-२५२।

अंबिकादत्त (व्यास)—काशी निवासी दुर्गादत्त व्यास के पुत्र। हिंदी के प्रसिद्ध लेखक।
१९वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में वर्तमान। →०६-७६।

अंबिकास्तोत्र (पद्य)—रचयिता अज्ञात। लि० का० सं० १८५३। वि० भगवती की स्तुति।
प्रा०—श्री रोशनलाल बोहरे, सुरीर (मथुरा)। →३५-११२।

अंबुसागर (पद्य)—कबीरदास कृत। वि० ज्ञानोपदेश।
(क) लि० का० सं० १९६२।
प्रा०—बाबा सेवादास, गिरधारी साहब की समाधि, नोबस्ता, लखनऊ।
→सं० ०७-११ क।

अक्षर अनन्य—उप० अनन्य। कायस्थ। जन्म सं० १७१०। दतिया रियासत के अंतर्गत सेनुहरा के निवासी। कुछ दिनों तक दतिया के राजा पृथ्वीसिंह के दीवान रहे। फिर विरक्त होकर पन्ना में रहने लगे। सुप्रसिद्ध महाराज छत्रसाल के गुरु। सं० १७५४ तक वर्तमान।

अनन्यपचासिका (पद्य)→०६–२ ई।
अनन्यप्रकाश (पद्य)→०६–८ ए।
अनुभवतरंग (पद्य)→०६–२ ए, २६–७ डी।
उत्तमचरित्र (पद्य)→०६–२ एन, २३–७ डी, ई, एफ, जी, २६–१४ ए, जी, २६–७ आई, सं० ०८–१ ग, सं० १ –२।
कविता (पद्य)→०६–२ एफ।
ज्ञानबोध (पद्य)→०६–२ डी, २३–७ ए, सं० ०८–१ क।
ज्ञानयोग सर्व उपदेश (पद्य)→४१–४७१ (अप्र०)।
ज्ञानयोग सिद्धांत (पद्य)→२६–७ ह।
देवशक्ति पचीसी (पद्य)→०६–२ जी, ०६–८ सी।
प्रेमदीपिका (पद्य)→०५–१, ०६–२सी, २०–४ ए, २६–१४ बी, सी, डी, २६–७ एफ, जी, एच।
ब्रह्मज्ञान (पद्य)→०६–८ डी।
भवानीस्तोत्र (पद्य)→०६–२ आई।
योगशास्त्र (पद्य)→०६–२ के।
राजयोग (पद्य)→०५–२, ०६–२ बी, २०–४ बी, २३–७ बी, सी, २६–७ ए, बी, सी, सं० ०८–१ ख।
विज्ञानयोग (पद्य)→२३–७ एच।
विवेकदीपिका (पद्य)→०६–८ बी।
वैराग्यतरंग (पद्य)→०६–२ जे।
शिक्षा (पद्य)→२०–४ सी।
सिद्धांतबोध (पद्य)→२६–१४ ई, एफ।

अक्षरखंड की रमैनी (पद्य)—कबीरदास कृत। वि० ज्ञानोपदेश।
प्रा०—पं० भानुप्रताप तिवारी, चुनार (मिरजापुर)।→०६–१४३ सी।

अक्षरभेद की रमैनी (पद्य)—कबीरदास कृत। वि० ज्ञानोपदेश।
प्रा०—पं० भानुप्रताप तिवारी, चुनार (मिरजापुर)।→०६–१४३ बी।

अक्षरशब्द प्रपाटिका (पद्य)—भागवतशरण (पांडेय) कृत। वि० धर्मोपदेश।
प्रा०—पं० रामनाथ पांडेय, प्राइमरी स्कूल, कुरही, डा० जिठवारा (प्रतापगढ़)।→२६–५३ ए।

अखंडदास—अचलदास के गुरु। सं० १६०० के पूर्व वर्तमान।→२६–२।

अर्थप्रकाश (पद्य)—नरराम कृत। वि० ग्रन्थक्रम।
(क) लि० का० सं० १८७१।
प्रा०—पं० रघुनाथराम शर्मा, गायघाट वाराणसी।→ ६–३७२ ए।
(ख) लि० का० सं० १६६ १
प्रा०—पं० रघुराज वैद्य त्रिपाठी सुदासी (आजमगढ़)।→सं० १–४१७।
अर्थबोध (पद्य)—ज्ञानवीदास कृत। लि० का० सं० १६५१। वि० वेदांत।
प्रा०—पं० ब्रजमोहन व्यास अहियापुर इलाहाबाद।→ ६–११५।
अर्थानंद—स्वामी रामदास के शिष्य। सं० १८८१ में वर्तमान।
ब्रह्मविनोद (पद्य)→१७–५ ए।
ब्रह्मानन्दगीता (पद्य)→११–५ बी।
अमरावट (पद्य)—मलिकमुहम्मद जायसी कृत। वि० ज्ञानोपदेश।
(क) लि० का० सं० १६४१।
प्रा०—मालवी सेराफन्दुल्ला, पुनियार्टोला, मिरजापुर।→ २–१ ८।
(ख) प्रा०—नागरीप्रचारिणी सभा वाराणसी।→सं० ४–१८७ क।
(ग) प्रा०—महंत गुरुप्रसाददास, मधुरावाँ (रायबरेली)।→सं० ४–१८७ ख।
अमराबट या अमरावटी→'अमरावत (कबीरदास कृत)।
अमरावत (पद्य)—कबीरदास कृत। वि० ब्रह्मज्ञान।
(क) लि० का० सं० १८७८।
प्रा०—पं० भगवतीप्रसाद शर्मा बरतरा डा० कोटला (आगरा)।→११–१७८ ए।
(ख) लि० का० सं० १८७५।
प्रा०—श्री देवकीनंदन शुक्ल रामपुरसबरासी डा० संग्रामगढ़ (प्रतापगढ़)।→२६–२१४ ए।
(ग) लि० का० सं० १८८६।
प्रा०—श्री रामसिंह मकरंद डा० बेहरा (बहराइच)।→२३–१६८ ए।
(घ) लि० का० सं० १६४२।
प्रा०—नागरीप्रचारिणी सभा वाराणसी।→४१–४७७ क (अप्र०)।
(ङ) प्रा०—श्री रेवतीराम रुनकुता (आगरा)।→२६–१७८ बी।
(च) प्रा०—पं० चंद्रशेखर तिवारी बाह (आगरा)।→२६–१७८ सी।
(छ) प्रा०—पं० रामलाल शर्मा डा० उरावर (मैनपुरी)।→१२–१ १ बी।
(ज) प्रा०—पं० लक्ष्मीकांत मूर्ति नंदपुर डा० भेरगढ़ (मैनपुरी)।→१२–१ १ सी।
(झ) प्रा०—श्री विन्ध्येश्वरीप्रसाद जायसवाल मछिलीशहर बाजार (जौनपुर)।→सं० ४–२४ क।
अमरावती (पद्य)—नवाज कृत। र० का० सं० १८७ । वि० वेदांत।
प्रा०—पं० ब्रजमोहन व्यास अहियापुर इलाहाबाद।→ ६–२१७।

अखरावती→'अखरावत' (कबीरदास कृत)।

अखरावती→'अखरावली' (रामसेवक महात्मा कृत)।

अखरावती या अखरावत→'अखरावट' (मलिकमुहम्मद जायसी कृत)।

अखरावली (पद्य)—गंगाधरदास कृत। र० का० सं० १८८६। लि० का० सं० १९-८५। वि० योग।

प्रा० - पं० त्रिभुवनप्रसाद त्रिपाठी, पूरेपरानपांडे, डा० तिलोई (रायबरेली)। →२६–१२१।

अखरावली (पद्य)—अन्य नाम 'अखरावती', 'शब्दअखरावली बानी' और 'शब्दमंगलबालम'। रामसेवक (महात्मा) कृत। वि० ब्रह्मज्ञान।

(क) लि० का० सं० १८६७।

प्रा०—श्री रामनाथ हलवाई, इन्हौना (रायबरेली)। →सं० ०४–३४३।

(ख) लि० का० सं० १९३८।

प्रा०—महंत चंद्रभूषणदास, उमापुर, डा० मीरमंऊ (बाराबंकी)। →२६–२९२।

(ग) लि० का० सं० १९४५।

प्रा०—कबीरदास का स्थान, मगहर (बस्ती)। →०९–२५८।

अखैराम—मथुरा जिले के अंतर्गत चूननगर (?) के निवासी। गर्ग गोत्रीय ब्राह्मण। भरतपुर नरेश सुजानसिंह (सूरजसिंह) के आश्रित। भागवत के अनुवादक भीष्म के वंशज। सं० १८१२ के लगभग वर्तमान। →१७–२५, २९–४६।

प्रेमरस सागर (पद्य) →३८–१ सी।

मुहूर्तचिंतामणि (पद्य) →३८–१ ए।

रत्नप्रकाश (पद्य) →१२–२, ३८–१ डी।

लघुजातक (पद्य) →३८–१ ची।

विक्रमबत्तीसी (पद्य) →३२–४ बी, सं० ०१–२।

वृंदावनसत (पद्य) →३२–४ सी।

स्वरोदय (पद्य) →३२–४ ए।

हस्तामलकवेदांत (पद्य) →१७–४।

अखैराम - सुप्रसिद्ध स्वामी चरणदास के शिष्य गुरुछौना इनके गुरु थे। सं० १८३२ के लगभग वर्तमान।

गंगामाहात्म्य (पद्य) →सं० ०१–१।

अगरदास→'अग्रदास' ('रामजेवनार' के रचयिता)।

अगरवाल - वास्तविक नाम अज्ञात। जैन। पिता का नाम मालू। माता का नाम गौरी। वनगिरि (बड़गढ) निवासी।

आदित्यवार कथा (पद्य) →२३–३।

